मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग
:: आदेश ::

भोपाल दिनांक 07/07/2022

क्र. एफ 16-40/2021/ए-ग्यारह: राज्य शासन एतद् द्वारा मेसर्स कर्नाटका एन्टीबायोटिक्स एण्ड फार्मास्यूटिकल्स लिमि. की विक्रम उद्योगपुरी उज्जैन में रूपये 275 करोड़ के स्थाई पूंजी निवेश से एक्टिव फार्मास्यूटिकल इन्ग्रीडियन्ट्स (API) निर्माण परियोजना स्थापना संबंधी प्रस्ताव (DIPIP23108) पर निम्नानुसार सुविधाएं दिये जाने का निर्णय लिया गया -

1. **निवेश प्रोत्साहन सहायता**:- उद्योग सवंर्धन नीति 2014 (यथा संशोधित 2021) के प्रावधान अनुसार सहायता दी जाती है।

2. **रियायती दर पर भूमि आवंटन-** परियोजना को विक्रम उद्योगपुरी, जिला उज्जैन में 50 एकड शासकीय भूमि रूपये 1/- प्रति एकड के प्रीमियम पर 99 वर्ष की अवधि हेतु आवंटित की जाये। इकाई को आवंटित भूमि की प्रब्याजी एवं विकास शुल्क की राशि का भुगतान एमपीआईडीसी द्वारा विक्रम उद्योगपुरी उज्जैन को किया जायें। उक्त राशि का समायोजन एमपीआईडीसी द्वारा उद्योग सवंर्धन नीति 2014 (यथा संशोधित 2021) अंतर्गत इकाई को देय निवेश प्रोत्साहन सहायता से किया जाये। समायोजन पश्चात शेष राशि इकाई को उद्योग सवंर्धन नीति 2014 (यथा संशोधित 2021) के प्रावधान अनुसार प्रदान किया जाये।

3. परियोजना को उद्योग सवंर्धन नीति, 2014 (यथा संशोधित 2021) अन्तर्गत प्रावधानित अन्य सुविधाओं का लाभ विहित शर्तों के अध्याधीन प्राप्त होगी।

4. परियोजना को स्वीकृत सुविधाओं का लाभ इस शर्त पर प्राप्त होगा कि परियोजना में इस परिप्रेक्ष्य में आदेश जारी होने की दिनांक से, प्रतिबद्ध निवेश के साथ, 3 वर्ष में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ कर लिया जाये।

5. कम्पनी की शेष अन्य मांगों को अमान्य किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम
से तथा आदेशानुसार

(संजय कुमार शुक्ल)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

पृ. क्र. एफ 16-40/2021/ए-ग्यारह
भोपाल, दिनांक 07/07/2022

प्रतिलिपि:-

1. उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग/ऊर्जा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
3. आयुक्त, उज्जैन संभाग उज्जैन।
4. कलेक्टर, जिला - उज्जैन।
5. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. भोपाल।
6. मैनेजिंग डायरेक्टर, मेसर्स कर्नाटका एन्टीबायोटिक्स एण्ड फार्मास्यूटिकल्स लिमि., निर्माण भवन, डॉ. राजकुमार रोड, 1st Block, राजाजी नगर, Bangalore - 560010।

- की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग